# अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका

## नवीन सामाजिक शोध

वर्ष - 10 अंक - 6 ( कुल अंक 113 ) अगस्त 2018

R.N.I. M.P.HIN/2009/29572 ISSN-0975-4431

[illegible]

भोपाल-[illegible] (म.प्र.) दूरभाष : [illegible]

E-mail : naveensamajikshodh@yahoo.com

website : www.naveensamajikshodh.com



संस्थापक प्रधान संपादक

स्व. डॉ. जी. सी. सक्सेना

प्रधान संपादक

राजेन्द्र सक्सेना

प्रबंध संपादक

अभिजीत सक्सेना

संपादक

श्रीमति सविता सक्सेना

उप संपादक

डॉ. संजय अग्रवाल ( चिकित्सक )

डॉ. संतोष धुर्वे ( समाजशास्त्री )

डॉ. विजय दुबे ( वाणिज्य ) ग्वा.

[illegible]

डॉ अनुपमा सुरेश

शोध अधिकारी

डॉ यू.पी.शुक्ला

ग्राफिक्स

राज यादव

### विदेशों में क्षेत्रीय कार्यालय : ( विदेशी विषय विशेषज्ञ संपादक )

1. डॉ. राम भारद्वाज चिकित्सक
पो. बॉ. नं. 161, पोस्टल कोड नं. 119, सहम सुल्तानेट ऑफ ओमान

2. प्रो. डॉ. सुधाकर कोटा अर्थशास्त्री
प्रोफेसर इकोनॉमिक्स एण्ड मार्केटिंग, स्काईलाईन युनिवर्सिटी, शारजाह, यूएई

3. कविता शुक्ला असिस्टेंट प्रोफेसर,
111, शेख रशीद बिल्डिंग, शेख जायेद रोड, यूएई, दुबई

4. डॉ. प्रिंस डेविड दंत चिकित्सक
11, अलब्रेस्ट एवेन्यू, मार्डट रस्किल, ऑकलेण्ड 1041, न्यूजीलेण्ड

5. श्री सजग चतुर्वेदी
स्टेनफोर्ड, यूनिवर्सिटी, थाईलैण्ड

6. श्रीमति ऋति चतुर्वेदी, कनाडा

7. श्रीमति प्रतिभा, कनाडा

8. डॉ. उमेश रस्तोगी, लंदन



सहयोग राशि : देश में : साधारण अंक 50 /- वार्षिक : 500 /-
आजीवन सदस्यता : 5000 /-
विदेशों में : साधारण अंक : 9 डॉलर, वार्षिक : 90 डॉलर
सारे भुगतान ( मनीआर्डर/चेक/ड्राफ्ट ) नवीन सामाजिक शोध के नाम से लिये जायेंगे।
चेक से भुगतान करने पर रू. 30/- अतिरिक्त भेजें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक : राजेन्द्र सक्सेना द्वारा राजा प्रिंटिंग प्रेस ,प्लाट नं.2 लाला लाजपत राय कालोनी,बागदिल कुशाहुरा भोपाल ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं 25, रूप नगर कॉलोनीजे.के. रोड़, भोपाल-462 023 ( म.प्र. )। से प्रकाशित। संपादक - श्रीमति सविता सक्सेना।



सभी लेखों में लेखकों के अपने मौलिक विचार है। संपादक अथवा संपादक मंडल का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। हमारा संपादक मंडल पूर्णत अवैतनिक एवं अव्यावसायिक है। विवाद की स्थिति में सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।

International Refereed Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

# नवीन सामाजिक शोध

इस अंक में ........................


1. भारत वर्ष में कृषि ........ डॉ. सी.एस. आरमो —6

2. सामाजिक बदलाव की ........ धनंजय बर्लिंगे—17

**3.**How solar energy powers ........ Ku. Poonam Gurjar —23

**4. Letter of credit........Dr.Rahul Jain—30**

5. .भारतीय समाज में........डॉ. वंदना गॉधी' —36

6. पंचायती राज संस्थाओं में........गीता सिंह —44

**7. Impact of Ambedkar's Journalism........Karnika Dubey—49**

# सलाहकार मंडल


- प्रो. डॉ. आई.एस. चौहान — पूर्व कुलपति, बरकतउल्लाह एवं भोज विश्वविद्यालय भोपाल-म.प्र.। फोन: 0755-2424777

- प्रो. डॉ. विनोद पी. सक्सेना, पूर्व कुलपति, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर म.प्र.। फोन 0755-2628055

- प्रो. डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव पूर्व कुलपति डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर-म.प्र.

- प्रो. डॉ. राजपाल सिंह — सदस्य सलाहकार यूजीसी (उच्च शिक्षा) भारत सरकार मो. 9425028689

- ,डॉ.आर.एम श्रीवास्तव — पूर्व प्राचर्य, मोतीलाल विज्ञान महा विद्यालय भोपाल मध्यप्रदेश मानव मो.9826286410

International Refereed Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

# संपादक मंडल


- प्रो. [illegible], विभागाध्यक्ष, [illegible] शा.विदिशा [illegible] कालेज
- प्रो. [illegible], विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान शा. सरोजनी नायडू कालेज
- प्रो. [illegible] चौहान, माखनलाल विश्वविद्यालय, भोपाल
- प्रो. [illegible], प्राचार्य [illegible] महाविद्यालय [illegible] जिला सिहोर
- प्रो. [illegible], विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र भारतीदासन विश्वविद्यालय, तिरुचिरापल्ली-तमिलनाडु (620024)
- प्रो. [illegible], विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, वी.एन.एस.जी. विश्वविद्यालय, सूरत, गुजरात।
- प्रो. डॉ. [illegible] जैन, प्राचार्य [illegible] महाविद्यालय, पिपरिया।
- प्रो. [illegible] चौहान, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग जम्मू एण्ड कश्मीर .।
- डॉ. [illegible] पूर्व प्राचार्य [illegible] महाविद्यालय मध्यप्रदेश
- डॉ. [illegible] सिहोर म.प्र.
- डॉ. [illegible], सहायक प्राध्यापक, [illegible] विभाग [illegible] कालेज, [illegible] भोपाल।
- डॉ. [illegible], [illegible] विभाग, [illegible] भोपाल।
- डॉ. [illegible], सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र विभाग [illegible] कॉलेज भोपाल
- डॉ. [illegible] कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, फैकल्टी ऑफ कामर्स एंड मैनेजमेंट बी.बी.डी.एस.डी. (पीजी) कालेज पलवल।
- डॉ. [illegible], सह. प्राध्यापक, [illegible] कॉलेज, भोपाल।
- डॉ. [illegible], विक्रम युनिवर्सिटी, उज्जैन।
- डॉ. [illegible], व्याख्याता, [illegible] भोपाल।
- डॉ. [illegible], व्याख्याता, हिन्दी विभाग, अ.मु.वि. अलीगढ़-उ.प्र.।
- डॉ. [illegible] मिश्रा, पूर्व प्राचार्य (समाजशास्त्र) कालीचरण पी.जी. कालेज, लखनऊ।
- [illegible] गुप्ता, एल-3/5 बी.डी.ए. कालोनी, लालघाटी, भोपाल।
- [illegible], सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र [illegible] माखनलाल विश्वविद्यालय

# संपादकीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी जीवन परिचय

पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी भारत माता के एक ऐसे सपूत हैं, जिन्होंने स्वतंत्रता से पूर्व और पश्चात भी अपना जीवन देश और देशवासियों के उत्थान एवं कल्याण हेतु जीया तथा जिनकी वाणी से असाधारण शब्दों को सुनकर आम जन उल्लासित होते रहे और जिनके कार्यों से देश का मस्तक ऊंचा हुआ। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक ब्राह्मण परिवार में 25 दिसंबर, 1924 को इनका जन्म हुआ। पुत्रप्राप्ति से हर्षित पिता श्री कृष्ण बिहारी वाजपेयी को तब शायद ही अनुमान रहा होगा कि आगे चलकर उनका यह नन्हा बालक सारे देश और सारी दुनिया में नाम रौशन करेगा।

इन्होंने ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज - जो अब लक्ष्मीबाई कॉलेज कहलाता है - में तथा कानपुर उ। प्र। के डी। ए। वी। कॉलेज में शिक्षा ग्रहण की और राजनीति विज्ञान में एम। ए।की उपाधि प्राप्त की। सन् 1993 मे कानपुर विश्वविद्यालय द्वारा दर्शन शास्त्र में पी।एच डी की मानद उपाधि से सम्मानित किए गए।

भारतीय स्वातंर्त्य-आंदोलन में सक्रिय योगदान कर 1942 में जेल गए। वाजपेयी जी राष्टीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय सदस्य और सन् 1951 में गठित राजनैतिक दल 'भारतीय जनसंघ' के संस्थापक सदस्य थे। सन् 1966-67 सरकारी प्रत्याभूतियों की समिति के अध्यक्ष, सन् 1967 से 70 तक लोक लेखा समिति के अध्यक्ष रहे। सन् 1968 से 73 तक वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष थे। सन् 1975-77 के दौरान आपातकाल में बंदी रहे। 1977 से 79 तक भारत के विदेश मंत्री, सन् 1977 से 80 तक जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य, सन् 1980-86 भाजपा अध्यक्ष, सन् 1980-84 , 1986 तथा 1993-96 के दौरान भाजपा संसदीय दल के नेता रहे। सन् 1957 में दूसरी लोकसभा के लिए प्रथम बार निर्वाचित हुए। तब से 2004 में 14वीं लोकसभा हेतु हुए संसदीय आम चुनाव तक ये उत्तर प्रदेश में लखनऊ से प्रत्याशी होकर निर्वाचित होते रहे। सन् 1962-67 और 1986-91 के दौरान आप राज्य सभा के सम्मानित सदस्य थे और सन् 1988 से 89 तक सार्वजनिक प्रयोजन समिति के सदस्य। ये सन् 1988-90 में संसद् की सदन समिति तथा व्यापारिक परामर्श समिति के सदस्य रहे। सन् 1990-91 में याचिका समिति के अध्यक्ष बने और सन् 1993 से 1996 तक तथा 1997 -98 में विदेश नीति समिति के अध्यक्ष रहे। सन् 1993-96 और 1996-97 में लोक सभा में प्रतिपक्ष के नेता थे।

**सन् 1999 में लोक सभा में भाजपा संसदीय दल के नेता और सन् 2004 में भाजपा और एनडीए संसदीय दल के अध्यक्ष रहे।**

भारत के बहुदलीय लोकतंत्र में ये ऐसे एकमात्र राजनेता हैं, जो प्राय: सभी दलों को स्वीकार्य रहे। इनकी विशेषता के कारण ये 16 मई, 1996 से 31 मई, 1996 तथा 1998 - 99 और 13 अक्तूबर, 1990 से मई, 2004 तक तीन बार भारत के प्रधानमंत्री रहे। भारत की संस्कृति, सभ्यता, राजधर्म, राजनीति और विदेश नीति की इनको गहरी समझ है। बदलते राजनैतिक पटल पर गठबंधन सरकार को सफलतापूर्वक बनाने, चलाने और देश को विश्व में एक शक्तिशाली गणतंत्र के रूप में प्रस्तुत कर सकने की करामात इन जैसे करिश्माई नेता के बूते की ही बात थी। प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में जहां इन्होंने पाकिस्तान और चीन से संबंध सुधारने हेतु अभूतपूर्व कदम उठाए वहीं अंतर राष्टीय दवाबों के बावजूद गहरी कूटनीति तथा दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करते हुए पोकरण में परमाणु विस्फोट किए तथा कारगिल-युद्ध जीताच

International Refereed Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

# भारत वर्ष में कृषि भूमि उपयोग एवं खाद्यान्न उत्पादकता एवं उपलब्धता का विश्लेषण (भूमि अधिग्रहण विधेयक के संदर्भ में)

• डॉ. सी.एस. आरमो
सहायक प्राध्यापक (भूगोल),
क्षेत्रीय नियोजन एवं आर्थिक विकास विभाग,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल (म.प्र.)।

•• डॉ. अरूण कुमार बोरकर
अतिथि विद्वान (अर्थशास्त्र),
क्षेत्रीय नियोजन एवं आर्थिक विकास विभाग,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल (म.प्र.)

## सारांश

किसी देश, क्षेत्र अथवा स्थान विशेष के आर्थिक विकास में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान होता है। भूमि एक ऐसा प्राकृतिक संसाधन है, जिसकी सीमित उपलब्धता हैं। अतः आवश्यकता इस बात की है, कि सीमित उपलब्धता का अनुकूलतम उपयोग करके अधिकतम आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण प्राप्त किया जाय।

प्रस्तुत शोध पत्र में भारत वर्ष में कृषि भूमि उपयोग जनसंख्या वृद्धि एवं खाद्यान्न उपलब्धता का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था कृषि आधारित अर्थव्यवस्था है, जिसकी अधिकांश जनसंख्या गाँवों में निवास करती है तथा खेती एवं खेती पर आधारित कार्यो से अपना जीवनयापन करती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत भारत वर्ष में कृषि क्षेत्र की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए अनेंक क्रांतिकारी योजनाएं संचालित की गई, ताकि बढ़ती हुई जनसंख्या की खाद्यान्न आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके, जिसमें 1966–67 में हरित क्रांति प्रमुख है। जिसका खाद्यान्न उत्पादन विशेषकर गेहूँ के उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

प्रस्तुत शोध पत्र में 1960–61 से 2013–14 तक की समयावधि में खाद्यान्न फसलों के उत्पादन, उत्पादकता, भूमि उपयोग एवं जनसंख्या के प्रतिरूपों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। 1960–61 से 2013–14 तक की समयावधि में गेहूँ का उत्पादन तेजी से बढ़ा है, जहाँ वर्ष 1960–61 में यह 11 लाख टन था, जो बढ़कर 2013–14 में 95.91 लाख टन हो गया। इसी प्रकार चावल का उत्पादन भी तेजी से बढ़ा है वर्ष 1960–61 में यह 34.58 लाख टन था जो बढ़कर 2013–14 में 106.54 लाख टन हो गया। इसके साथ ही मोटे अनाज (ज्वार, बाजरा एवं मक्का) तथा दालों का उत्पादन मंद गति से बढ़ा है। दूसरी ओर प्रति हेक्टेयर खाद्यान्न उत्पादन का अध्ययन करने पर पाया कि प्रति हेक्टेयर गेंहू की उत्पादकता तेजी से बढ़ी है, जो इस समयावधि में 261.33 प्रतिशत रही है, इसके साथ ही मोटे अनाज एवं चावल की उत्पादकता भी तेजी से बढ़ी है। मोटे अनाज की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 217.61 प्रतिशत बढ़ी है। इसी प्रकार चावल की उत्पादकता वर्ष 1960–61 में 1013 कि. ग्रा. प्रति हेक्टेयर थी, जो बढ़कर 2013–14 में 2424 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर हो गई। इस समयावधि

में सबसे कम प्रति हेक्टेयर उत्पादकता दालों की रही है वर्ष 1960–61 मे यह 539 कि.ग्रा. थी जो वर्ष 2013–14 में 764 कि.ग्रा. रही। इस प्रकार शोध समयावधि में यह 41.74 प्रतिशत बढ़ी है। इस प्रकार कुल खाद्यान्न उत्पादन (गेंहू, चावल, मोटे अनाज एवं दाल) 1960–61 में 82.02 लाख टन था जो 2013–14 में 264.77 टन हो गया।

खाद्यान्न उपजों के अंतर्गत भूमि उपयोग के प्रतिरूपों का अध्ययन करने पर पाया कि गेंहू की उपज के अंतर्गत भूमि उपयोग में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 1960–61 में यह 12.93 लाख हेक्टेयर थी जो बढ़कर 2013–14 में 31.19 लाख हेक्टेयर हो गई, इस प्रकार इस समयावधि में यह 141.22 प्रतिशत बढ़ी है। इसके साथ ही चावल की उपज के तहत भूमि उपयोग 34.13 लाख हेक्टेयर से 43.95 लाख हेक्टेयर हो गई। इस प्रकार चावल की उपज के तहत भूमि उपयोग 28.77 प्रतिशत बढ़ी है। मोटे अनाज के तहत भूमि उपयोग में ऋणात्मक वृद्धि देखी गयी है दालों के उत्पादन में भूमि उपयोग में मंद गति से वृद्धि हुई है इस प्रकार कुल खाद्यान्नों उपजों (चावल गेंहू, मोटे अनाज एवं दाल) के तहत कुल भूमि उपयोग 115.58 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 26.04 लाख हेक्टेयर हो गई। जनसंख्या वृद्धि एवं सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिरूपों का अध्ययन करने पर पाया कि शोध समयावधि में जनसंख्या 184.10 प्रतिशत बढ़ी है, दूसरी ओर सकल घरेलू उत्पाद 61327. 69 प्रतिशत बढ़ा है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि जहां एक ओर कुल खाद्यान्न उत्पादन 222.81 प्रतिशत बढ़ा हैं वहीं जनसंख्या 184.10 प्रतिशत बढ़ी है।

**प्रस्तावनाः**

स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त भारतीय अर्थव्यवस्था में बदलाव आए हैं। नई आर्थिक नीति (1991) के उपरान्त आर्थिक संरचना में तेजी से बदलाव आए हैं, जहॉ एक ओर स्वतंत्रता प्राप्ति के प्रारम्भिक समयावधि में कृषि क्षेत्र का योगदान सर्वाधिक रहा है, दूसरी ओर रोजगार सृजन में कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाहन करता रहा है, किन्तु सरकारों द्वारा कृषि क्षेत्र की अनदेखी के कारण अर्थव्यवस्था में इसका योगदान लगातार वर्ष दर वर्ष कम होता जा रहा है। साथ ही अदृश्य बेरोजगारी भी देखने को मिल रही है। तेजी से बढ. रही जनसंख्या के कारण भूमि स्वामित्व में भी निरन्तर कमी आ रही है तथा लघु आकार की जोतों में वृद्धि हो रही है। कृषि क्षेत्र में निरन्तर जोतों का छोटा आकार होता जा रहा है जिसके कारण उत्पादकता में कमी आ रही है, दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि क्षेत्र उत्पादकता में भी कमी आयी है कृषि क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण समस्याओं के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार द्वारा कृषि तकनीकों एवं खाद–बीज के लिए अधिकाधिक अनुदान प्रदान किया गया है ताकि उपरोक्त प्रभावों को कम किया जा सके तथा बढ़ती जनसंख्या की खाद्यान्न आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। नई आर्थिक नीति तहत निजीकरण तथा बाजारीकरण की नीतियों के तहत निवेशकों के द्वारा अधिकाधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से निवेश किया गया जिसके कारण खाद–बीज तथा कृषि यंत्रों की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है। एक ओर

जलवायु परिवर्तन तथा दूसरी ओर खाद–बीज की कीमतों में वृद्धि के कारण कृषि क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

दूसरी ओर नई आर्थिक नीति के उपरान्त अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक परिवर्तन हो रहे हैं आर्थिक गतिविधियों में सेवा क्षेत्र की भागीदारी लगातार बढ़ रही है तथा अर्थव्यवस्था में विकास के इंजन के रूप में कार्य कर रहा है, इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र का विकास भी कृषि क्षेत्र की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है।

वैश्विक एवं क्षेत्रीय स्तरों पर कृषि क्षेत्र के महत्व पर अनेंक शोध कार्य किए गए हैं, जिनमें चन्द एवं चौहान (1999) ने भारतवर्ष में कृषि एवं गैर–कृषि क्षेत्रों में आय वितरण का विश्लेषण किया है एवं पाया कि कृषि एवं गैर–कृषि क्षेत्रों में आय वितरण की विषमता में वृद्धि हुई है।गुलिन एवं अन्य (2002) ने विकसित देशों में कृषि एवं गैर–कृषि क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार एवं उनकी प्रवृत्तियों का विश्लेषण प्रस्तुत किया है, जिसमें पाया कि विकसित देशों में कृषि क्षेत्र से गैर–कृषि क्षेत्र विशेषकर निर्माणी क्षेत्र में कृषि श्रमिकों का पलायन तेजी से हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप उनकी आय में तेजी से वृद्धि हुई है। ड्रीज (2006) ने भारतवर्ष में अनाज उत्पादन के प्रतिरूपों के वृद्धि का आंकलन किया है, जो 2001 से 2010–11 तक की समयावधि तक का है। उपरोक्त समयावधि में तीन राज्यों में कृषि उत्पादन की वृद्धिदर का अध्ययन किया है। इसके साथ ही भारत वर्ष में कृषि क्षेत्र की उपयोगिता, कृषि उत्पादन के प्रतिरूप तथा अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र के योगदान तथा महत्व पर अनेंक शोध कार्य हुए हैं। जिनमें (चंद एवं अन्य 2007, बालकृष्णन् 2000, भल्ला एवं सिंह 2009, रेड्डी एवं मिश्रा 2009 तथा विद्यानाथन 2010) प्रमुख हैं।

शोध की सीमाएं, आंकड़ों के स्त्रोत एवं शोध प्रविधिः

प्रस्तुत शोध वर्ष 1960–61 से 2013–14 तक की समयावधि का है। जो उक्त समयावधि में संपूर्ण भारतवर्ष पर लागू होता है, इसके साथ ही प्रस्तुत शोध में कृषि उपज जिनमें चावल, गेंहू, मोटे अनाज तथा दालों को सम्मिलित किया है, जो मुख्यतयाः उत्पादित की जाती है। प्रस्तुत शोध के निष्कर्षो के लिए द्वितीयक आंकड़ों का प्रयोग किया गया है, जिसमें मुख्य खाद्यान्न फसलों (चावल, गेंहू, मोटे अनाज तथा दालों) को सम्मिलित किया गया है।

भूमि उपयोग के लिए कुल बुवाई क्षेत्र, सकल बुवाई क्षेत्र शुद्ध सिंचित क्षेत्र तथा सकल सिंचित क्षेत्र के चरों का उपयोग किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न उपजों के तहत भूमि उपयोग के आंकड़ों का प्रयोग किया गया है। उपरोक्त द्वितीयक आंकड़ों का प्रकाशन संचालक आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, कृषि मंत्रालय भारत सरकार, आर्थिक सर्वेक्षण तथा रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा किया गया है। शोध निष्कर्षों के लिए प्रतिशत हिस्सा एवं वृद्धिदर तकनीकों का प्रयोग किया गया है।

**शोध का उद्देश्यः**

प्रस्तुत शोध खाद्यान्न उत्पादन एवं जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्तियों पर आधारित है, साथ ही वर्षा, भूमि उपयोग के प्रतिरूपों की व्याख्या करता है। शोध के निम्नलिखित उद्देश्य हैं:–

(1) भारत वर्ष में खाद्यान्न उत्पादन के प्रतिरूपों का विश्लेषण करना,

(2) भारत वर्ष में खाद्यान्न उत्पादन के अन्तर्गत भूमि उपयोग के प्रतिरूपों का विश्लेषण करना,

(3) भारत वर्ष में प्रति हेक्टेयर खाद्यान्न उत्पादन एवं जनसंख्या वृद्धि के प्रतिरूपों का विश्लेषण करना।

**खाद्यान्न उत्पादन के प्रतिरूप 1960–61 / 2013–14:**

भारत वर्ष में खाद्यान्न उत्पादन के प्रतिरूपों का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि वर्ष 1960–61 में चावल का उत्पादन 34.58 टन था, जो खाद्यान्न फसलों में सर्वाधिक है। इसके साथ ही मोटे अनाज एवं दालों का उत्पादन दूसरी प्रमुख उपज रहे हैं। चावल के उत्पादन में 1980–81 से 1990–91 की समयावधि में अत्यधिक वृद्धि दर्ज की गयी है। इसी प्रकार गेंहू के उत्पादन की वृद्धि दर 2000–01 से 2010–11 की समयावधि में सर्वाधिक रही है। इसी समयावधि में मोटे अनाज के उत्पादन की वृद्धि दर अन्य समयावधि की तुलना में अधिक रही है। साथ ही दालों के उत्पादन की सामान्य वृद्धि दर भी इस समयावधि में दर्ज की गयी है।

भारत वर्ष में चावल एवं गेंहू के उत्पादन में 1969–61 से 2013–14 तक की समयावधि में लगातार वृद्धि होती रही है। जहाँ चावल का उत्पादन 1960–61 में 34.58 लाख टन था वह बढ़कर 2013–14 में 106.54 लाख टन हो गया, इसके साथ ही इस समयावधि में गेंहू का उत्पादन 11.00 लाख टन से बढ़कर 95.91 लाख टन हो गया। इसी समयावधि में दालें एवं मोटे अनाज के उत्पादन में सामान्य वृद्धि देखी गयी, साथ ही कई समयावधि में नकारात्मक वृद्धि की दर्ज की गयी है।

भूमि उपयोग के प्रतिरूपः

**(अ) शुद्व बुवाई का क्षेत्र, शुद्व सिंचित क्षेत्र तथा सकल बुवाई क्षेत्रः**

भारत वर्ष में भूमि उपयोग के प्रतिरूपों का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि वर्ष 1960–61 में शुद्व बुवाई का क्षेत्र 133.20 लाख हेक्टेयर था, जो वर्ष 1990–91 में बढ़कर 143.00 लाख हेक्टेयर हो गया, चूंकि वर्ष 2010–11 में घटकर 141.58 लाख हेक्टेयर रह गया। इसी प्रकार सकल बुवाई क्षेत्र जो वर्ष 1960–61 में 152.77 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 1990–91 में 185.745 लाख हेक्टेयर है तथा 2010–11 में 198.97 लाख हेक्टेयर हो गया। इसके साथ ही शुद्व सिंचित क्षेत्र जो 24.66 लाख हेक्टेयर था वह 1990–91 में 48.02 लाख हेक्टेयर तथा 2010–11 में 63.60 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 2010–11 में 89.36 लाख हेक्टेयर हो गया।

उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर यह कह सकते हैं कि वर्ष 1960–61 से 2010–11 तक की समयावधि में सकल सिंचित क्षेत्र में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गयी, इसके साथ ही शुद्व सिंचित क्षेत्र में 61.20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**(ब) खाद्यान्न फसलों के अन्तर्गत भूमि उपयोगः**

भारत वर्ष में खाद्यान्न उत्पादन के अन्तर्गत भूमि उपयोग के प्रतिरूपों का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि वर्ष 1960–61 में चावल की उपज के अन्तर्गत 34.13 लाख हेक्टेयर भूमि उपयोग थी जो 1990–91 में 42.69 लाख हेक्टेयर तथा 2013–14 में बढ़कर 43.95 लाख हेक्टेयर क्षेत्र चावल की खेती के तहत प्रयुक्त थी। गेंहू की उपज के तहत क्षेत्रफल वर्ष 1960–61 में 12.93 लाख हेक्टेयर था जो 1990–91 में 24.17 लाख हेक्टेयर तथा 2013–14 में बढ़कर 31.19 लाख हेक्टेयर हो गया। मोटे अनाज के तहत क्षेत्रफल 1960–61 में 44.96 लाख हेक्टेयर था जो वर्ष 1960–61 में 36.32 लाख हेक्टेयर तथा 2013–14 में पुनः घटकर 25.67 लाख हेक्टेयर रह गया। इसी प्रकार दालों की उपज के तहत क्षेत्रफल 1960–61 में 115.58 लाख हेक्टेयर था जो 1990–91 में 127.84 लाख हेक्टेयर तथा 2013–14 में घटकर 126.04 लाख हेक्टेयर रह गया।

उपरोक्त विवरण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि वर्ष 1960–61 से 2013–14 तक की समयावधि में गेंहू की उपज के तहत क्षेत्रफल में अत्यधिक वृद्वि (141º22 :) हुई है। चावल की उपज के तहत क्षेत्रफल में भी वृद्वि दर (28.77 :) उच्च रही है। इसके साथ ही मोटे अनाजों (ज्वार, बाजरा एवं मक्का) की उपज के तहत क्षेत्रफल में अत्यधिक कमी आयी है तथा इसमें (–42º90 :) की ऋणात्मक वृद्वि दर दर्ज की गयी। इस प्रकार कुल अनाजों (चावल, गेंहू, ज्वार, बाजरा, मक्का एवं दालों) की उपज के तहत भूमि उपयोग के प्रतिरूपों का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि इसमें 9.05 प्रतिशत की वृद्वि हुई।

**(स) प्रति हेक्टेयर अनाज उत्पादन के प्रतिरूपः**

प्रति हेक्टेयर अनाज उत्पादन के प्रतिरूपों का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि 1960–61 में प्रति हेक्टेयर चावल का उत्पादन 1013 कि.ग्रा. था जो बढ़कर वर्ष 2013–14 में 2424 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर हो गया। इस प्रकार प्रति हेक्टेयर चावल का उत्पादन में 139.28 प्रतिशत की वृद्वि हुई है। वर्ष 1960–61 से 2013–14 तक की समयावधि में खाद्यान्न फसलों के तहत सर्वाधिक वृद्वि गेंहू के उत्पादन में हुई है। जो वर्ष 1960–61 में प्रति हेक्टेयर 851 कि.ग्रा. था वह बढ़कर 2013–14 में 3075 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर हो गया। इस प्रकार गेंहू के उत्पादन में अधिक वृद्वि देखने को मिली साथ ही मोटे अनाज के उत्पादन की वृद्वि दूसरे स्थान पर रही है जो 528 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर से वर्ष 2013–14 में 1677 किग्रा. प्रति हेक्टेयर हो गया। इसी के साथ दालों के उत्पादन प्रति हेक्टेयर में भी वृद्वि देखने में मिली है।

**निष्कर्षः–**

प्रस्तुत शोध पत्र में भारत वर्ष में खाद्यान्न फसलों के उत्पादन एवं भूमि उपयोग की प्रवृत्तियों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इन प्रवृत्तियों के अध्ययन के आधार पर यह निष्कर्ष निकालना उपयुक्त होगा कि गेंहू का उत्पादन तथा उत्पादकता में अन्य खाद्यान्न फसलों की तुलना में अधिक वृद्वि हुई है, साथ ही गेंहू की उपज के तहत क्षेत्रफल में भी वृद्वि हुई है। अन्य उपजों के अन्तर्गत

भूमि उपयोग में आश्चर्यजनक रूप में कमी आयी है। भूमि उपयोग के प्रतिरूपों का अध्ययन करने पर यह निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि सकल सिंचित क्षेत्र में अत्यधिक वृद्धि हुई है, इसके साथ ही शुद्व सिंचित क्षेत्र में भी वृद्धि हुई है।

### भारत वर्ष में खाद्य अनाज उत्पादन के प्रतिरूप का अध्ययन

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

स्त्रोतः कृषि मन्त्रालय भारत सरकार तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, 2013–2014
www.reservebankofindiahandbookof **statistics**

### भारत वर्ष में खाद्य अनाज उत्पादन के प्रतिरूप का अध्ययन

भारत वर्ष में प्रति हेक्टेयर खाद्य अनाज उत्पादन के प्रतिरूप

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

स्त्रोतः कृषि मन्त्रालय भारत सरकार तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, 2013–2014
www.reservebankofindiahandbookof **statistic**

भारत वर्ष में प्रति हेक्टेयर खाद्य अनाज उत्पादन के प्रतिरूप

## भारत वर्ष में भूमि उपयोग के प्रतिरूप

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

स्त्रोतः कृषि मन्त्रालय भारत सरकार तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, 2013–2014
www.reservebankofindiahandbookof **statistics**

## भारत वर्ष में भूमि उपयोग के प्रतिरूप

भारत वर्ष में खाद्य अनाज उत्पादन के अन्तर्गत भूमि उपयोग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

स्त्रोतः कृषि मन्त्रालय भारत सरकार तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, 2013–2014
www.reservebankofindiahandbookof **statistics**

भारत वर्ष में खाद्य अनाज उत्पादन के अन्तर्गत भूमि उपयोग

### भारत वर्ष में जनसंख्या एवं सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिरूप

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

स्त्रोतः कृषि मन्त्रालय भारत सरकार तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, 2013–2014
www.reservebankofindiahandbookof **statistics**

संदर्भ ग्रंथ सूचीः


(1) Ahmad, Dr. MD. Firdos, (2012), "The Performance of India's Food Grains Production: A Pre & Post Reform Assessment", International Journal of Scientific Publication, Vol. 2, PP. 1-15 (www.ijsrp.org)

(2) Chand, Ramesh, S.S. Raju & L.M. Pandey, (2007), "Growth Crisis in Agriculture, Severity and Option at National and State Level" EPW, 42(26), PP. 2528-2533.

(3) Balakrishnan, Pulapre (2000), "Agriculture and Economic Reforms: Growth and Welfare", EPW 35(12), PP. 999-1004.

(4) Bhalla, G.S. & Gurmail Singh, (2009), "Economic Liberalsation and Indian Agriculture: A Statewise Analysis", EPW 44(52), PP. 34-44.

(5) Reddy, D.Narasimha & SrijitMishra, (2009), "Agriculture in the Reform regions", New Delhi Oxford University Press.

(6) Vidhya Nathan A., (2010), "Agriculture Growth in India Role of Technology: Incentives and Institutions A Review Article Indian Economic Review 27 (2).

(7) Dreze, J., Sen, A.K. and Hussain, A., (2006), "The Political Economy of

Hunger", Oxford India paperbacks.
(8) Bansil, P.C., (1996), "India's Demands for Foodgrains in 2000 A.D: Simple Incremental Demand Model", Indian Farming, Februry: 30-32.
(9) Balla, G.S., and P. Hazell, (1997), "Foodgrains Demand in Indian to 2020: A Preliminary Exercise", Economic and Political Weekly, Vol. 32(52), PP. A150-A154
(10) Dev, Mahendra S., (1987), "Growth and Instability in Foodgrains Production: An Interstate Analysis", Economic and Political Weekly, Vol. 22, No. 39, Sep. 26, PP. A82-A92.

International Refereed Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

# सामाजिक बदलाव की मिसाल बने महिला स्वसहायता समूह

**धनंजय बर्लिंगे**
**शोध छात्र समाज शास्त्र विभाग**
**बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल**

विषय चर्चा– झाबुआ के नवापाड़ा ग्राम में महिला संगठन के माध्यम से लागू शराबबंदी ने स्वंय सहायता समूहों की सामाजिक जिम्मेदारियों को परिभाषित कर दिया हैं। आर्थिक आधार पर को मजबूत करने के साथ सामाजिक जिम्मेदारी की यह मिशाल जिले को एक अलग पहचान देती हैं। इसी के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एंव स्वच्छता को लेकर भी समूहों के सामूहिक नेतृत्व को समाज में सम्मान मिला हैं।

जिला – एक नजर

**जिला परिचय –** झाबुआ जिले 6 विकासखण्डों के 777 ग्रामों में आजीविका मिशन का क्रियान्वयन किया जा रहा है। 23 संकुल कार्यालयों के माध्यम से जिले में 8647 समूह का गठन कर 105000

गरीब परिवारों को समूह के दायरे में लाया गया है। समूह को जोड़कर 777 ग्राम संगठन खड़े किये गये है। अब यह संगठन आर्थिक गतिविधियों के साथ समाजिक मुददों पर बेहतर भागीदारी कर रहै है। जिले में 5615 समूहों को 745 लाख रू. का रिवाल्विंग फण्ड प्रदान किया गया है। सामुदायिक निवेश की निधी के रूप में 2694 समूहो को 1671 लाख रू. की राशि ग्राम संगठन के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। जिनका ग्राम संगठन ने रोटेशन कर बाकी समूहों को भी लाभांवित किया है। जिले में 1157 समूहों को 173 लाख रू. का आपदाकोष प्रदान किया गया है। जिले में 7000 से अधिक परिवार मिशन के माध्यम से आजीविका गतिविधि पूर्ण कर अपने परिवार की आय को 1 लाख से अधिक कर चुके है। जिले में 300 से अधिक सीआरपी के माध्यम से मिशन का सामुदायिककरण प्रक्रिया जारी है। जिले में महिला समूहों ने आर्थिक गतिविधि से उपर उठकर सामा. जिक बदलाव से बेहतर उदाहरण प्रस्तुत किये है। इसके तहत रामा विकासखण्ड के नवापाड़ा ग्राम में शराब बन्दी जैसे सामाजिक बदलाव देखने को मिल रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

**बंधक छुड़ाने वाले परिवारः**—जिले में महिलाओं द्वारा समूह से ऋण लेकर अपनी गिरवी रखी जमीन एवं जेवर छुड़ाने का कार्य किया गया है। जिले में 1200 परिवारों ने समूह से ऋण लेकर अपने जेवर एवं बंधक जमीन को मुक्त कराया है। इस कार्य से जहां महिलाओं की संपत्ति बंधक मुक्त हुई है, वही कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध होने के साथ परिवार में उनका सम्मान बढ़ा है। वहीं साह.

ूकारों पर अब परिवारों की निर्भरता खत्म हो रही है।

**लखपति परिवारः—**मिशन की मंशा अनुरूप कृषि एव गैरकृषि कार्यो के माध्यम से समूह महिलाओं ने अपनी आय को बढ़ाया है। 7500 परिवारों ने कृषि के साथ दूसरी उपगतिविधि अपनाकर अपनी आय को प्रतिवर्ष 1 लाख से अधिक कर लिया है। इसके अलावा रोजगार मूलक प्रशिक्षण के माध्यम से भी कई बेरोजगार युवा अपनी आय को 1 लाख से अधिक कर चुके है।

**सामूहिक गतिविधियों को बढ़ावाः—**जिले में व्यक्गित गतिविधियों से उपर उठकर अब परिवार सामूहिक आय अर्जित गतिविधि पर भी जोर दे रहे है। इसके तहत डेयरी, मुर्गी पालन,मछली पालन, फूल उत्पादन, अनार उत्पादन जैसी गतिविधियां सामने आई है। जिले में आजीविका गतिविधियों हेतु 6 क्लस्टर निर्माण किया गया है, रामा विकासखण्ड में मुर्गी क्लस्टर, पेटलावद विकासखण्ड में डेयरी क्लस्टर विकसित किया गया है। इसके अलावा झाबुआ में सेनेटरी नेपकिन क्लस्टर एंव थांदला में सब्जी उत्पादन क्लस्टर का विकास किया जा रहा है।

**रोजगार मूलक कार्यक्रम :—** जिले में बेरोजगार युवकों को रोजगार प्रदान कर लाभांवित करने के प्रयास जारी है। जिले में गठित ग्राम संगठनों द्वारा बेरोजगार युवको का तीन वर्गो में चिन्हाकंन कर रोजगार समिति के माध्यम से कार्यवाही सुनिश्चित की गई है। इसके तहत जिले में रोजगार मेले आयोजित कर 4362 बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। आर सेटी के माध्यम से 2886 युवाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार पहल की गई है। रोजगार आधारित प्रशिक्षण देकर 805 युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार से जोड़ा गया है। प्रशिक्षित युवाओं को बैंक से ऋण उपलब्ध कराते हुये व्यवसाय स्थापित करने की दिशा में पहल की गई है। इसके अतिरिक्त मिशन अन्तर्गत सीधे तौर पर आर्थिक कल्याण योजना से 00 एवं स्वरोजगार योजना से 00 परिवारों को ऋण उपलब्ध कराया गया है।

**वाशिंग पावडर से आजीविका की चमकार**

झाबुआ जिले के सुतरेटी ग्राम के गंगा समूह एवं मां अम्बिका समूह की महिलाओं ने वाशिंग पावडर बनाने की गतिविधी से जुड़ कर न केवल पलायन से मुक्ति पाई है, बल्कि खाली समय का उपयोग करके 1 माह में 28000 तक का व्यवसाय कर परिवार की आय में वृद्धि की है।

थांदला संकुल के ग्राम सुतरेटी में गठित गंगा एंव मां अम्बिका स्वयं सहायता समूह की 20 महिलाओं की रूचि को देखते हुए वाशिंग पावडर निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया था। ग्राम संगठन में चर्चा के उपरांत आजीविका मिशन द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को तीन दिवस तक ग्राम में ही प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में तकनीकि प्रशिक्षण के अलावा कच्ची सामग्री क्रय करवाने के लिए इन्दौर का बाजार सर्वे एवं भ्रमण भी कराया।

मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित समूह की महिलाओं ने प्रथम स्तर पर

अपने समूह से 20000 रूपये मिलाकर कच्ची सामग्री क्रय की। इन्दौर से सामग्री ला कर समूह सदस्यों ने ग्राम संगठन के माध्यम से प्रथम चरण में 1 क्विंटल एवं दूसरे चरण में 6 क्विंटल माल तैयार कर विपणन किया गया। समूह द्वारा पेकिंग के लिये भी प्रक्रिया पूर्ण कर आजीविका

**सेनेटरी नेपकीन के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा।**

झाबुआ के समूह की महिलाएं अब स्वयं सेनेटरी नेपकिन तैयार कर रही हैं। उनके इस नवाचार से आय के साथ समाज के प्रति उनकी जवाबदेही भी सुनिश्चित हो रही हैं।

आजीविका मिशन अन्तर्गत झाबुआ के समीपस्थ ग्राम आम्बाखोदरा में 17 स्वयं सहायता समूह का गठन कर 181 परिवारों को जोड़ा गया है। सभी समूहों को बैंक ऋण के माध्यम से आय अर्जक गतिविधियों से जोड़ने के प्रयास जारी हैं। इन्ही समूहों में शामिल जमुना स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जब बड़वानी में समूह महिलाओं द्वारा संचालित नेपकिन यूनिट का भ्रमण करवाया गया तब इन महिलाओं ने भी सहमति जाहिर करते हुए यूनिट स्थापित करने की बात कही।

वित्तीय व्यवस्था के लिये इस समूह ने अपने महिला ग्राम संगठन से 03 लाख 60 हजार का ऋण लेकर कार्य शुरु किया हैं। इस राशि से मुम्बई की एक कम्पनी से सम्पर्क कर यूनिट हेतु मशीन एवं कच्चा माल मंगाया गया। मशीन संचालन हेतु कम्पनी के इंजीनियर द्वारा 2 दिवस का प्रशिक्षण गांव में आकर ही दिया गया । वर्तमान में 45 हजार नेपकीन तैयार करने हेतु कच्चा माल भी लिया गया। समूह की अध्यक्ष श्रीमती हकरी हुका भाबोर एवं सचिव श्रीमती कम्मा धारू भाबोर कहना है कि कच्चे माल के माध्यम से नेपकीन बनाकर मशीन चलाना सीखा एवं नेपकिन निर्माण की बारीकियों को 10 दिन तक सीखा एवं अब प्रतिदिन 350 से 400 नेपकिन बना रहै है। और भविष्य में 950 से 1000 नेपकीन बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

समूह अध्यक्ष का कहना है कि संकुल के ग्राम संगठनों में जाकर महिलाओं को इसके उपयोग एवं फायदे के बारे में बताने एवं प्रत्येक ग्राम में 1–1 समूह को विक्रेता बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया है एवं 10 ग्रामों में उक्त प्रक्रिया पूर्ण कर आर्डर प्राप्त कर लिया है। उक्त गतिविधी को संकुल स्तरीय विस्तार देकर इसके माध्यम से 80 से 100 महिलाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से व्यवसायिक रूप से जोडा जावेगा ।

**प्रयासों'' के पाईप से निकला ''खुशियों'' का पानी**

झाबुआ के गोपालपुरा ग्राम की महिलाओं ने साबित कर दिया है कि अगर सामूहिक प्रयास किये जाये तो बंजर जमीन को भी हरा किया जा सकता हैं। महिलाओं द्वारा स्वंय की बचत से डाली गई पाइप लाइन से गांव की 25 बीघा जमीन उपजाउ बन गई हैं। महिलाओं के प्रयासों के पाइप में बह रहे पानी से 17 परिवारों के चेहरों पर खुशियों की फसल को लहलहाते देखा जा सकता हैं।

मिशन अंतर्गत मेघनगर विकासखण्ड के ग्राम गोपालपुरा में 15 स्वयं सहायता समूहों का माध्यम से 170 परिवारों को जोड़ा गया हैं। मिशन अंतर्गत किये गये प्रयासों एवं उन्मुखीकरण के माध्यम से

अब महिलाएं सामुदाहिक गतिविधि कर आजीविका के संसाधनों को बेहतर करने में लगी है। इसी के तहत ग्राम की 17 महिलाओं ने अपने समूह के माध्यम से 3 पाइप लाइन बिछाकर अपने अलग अलग दिशा में फैले 25 खेतों को सिंचित कर लिया हैं। यह वह खेत है जो गत वर्ष पानी न होने के कारण बेरुखे रह गये थे।

ग्राम में गठित महिला,सीता एंव झांसी रानी महिला स्वंय सहायता समूह की 17 महिलाओं ने समूह बैठक में अपने खेत में पानी की समस्या पर चिंता जाहिर की। चर्चा में निराकरण के रुप में समूह की महिलाओं ने निर्णय लिया कि समीप से बहने वाली नदी में उपलब्ध पानी को खेतों में पहुचाकर हरियाली को बरकरार रखा जा सकता है। इस हेतु समूह की बचत एवं बैक से मिली ऋण राशि के माध्यम से योजना को अमलीय जामा पहनाने का कार्य किया गया। प्रति लाइन पर 1.80 लाख के मान से 5.40 की लागत आंकलित की गई। इस हेतु समूहों ने बैक से प्राप्त ऋण राशि के साथ स्वयं की भी राशि के उपयोग का निर्णय लिया। इस लाईन पर व्यय हुए 05 लाख 40 हजार में 04 लाख 20 हजार ऋण के माध्यम से एवं 1 लाख 20 हजार परिवारों से सीधे लेकर कार्य किया गया है। बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार नदी पर लगाई गई मोटर की सुरक्षा हेतु प्रतिदिन एक सदस्य चौकीदारी करता है। पानी का वितरण भी बारी–बारी से परिवारों को किया जाता है। महिलाओ ने अपने खेत में गेहूं, मक्का, चना के अलावा सब्जी की फसल ली है। वर्तमान में इस उद्वहन सिंचाई सिस्टम के माध्यम से 17 परिवारों की 25 बीघा जमीन सिंचित हो रही है। जिसके माध्यम से प्रति परिवार को हाल के 3 माह में 20 से 50 हजार की अतिरिक्त आय हुई हैं।

**प्रयासों के हाथों से संवरती 'आजीविका' की चूड़ी**

झाबुआ जिले के मानपुरा की श्रीमती किरण ने समूह से जुड़ कर न केवल पलायन से मुक्ति पाई है, बल्कि हाथों को हुनरमंद बनाकर परिवार की आय में इजाफा कर दिया हैं। श्रीमती किरण उन 8 महिलाओं में शामिल है जिन्होने चूड़ी एवं कड़ा निर्माण कार्य का प्रशिक्षण लेकर विक्रय कार्य प्रारम्भ किया है।

कल्याणपुरा के ग्राम मानपुरा में गठित लक्ष्मी एंव संतोष स्वयं सहायता समूह की 8 महिलाओं की रूचि को देखते हुए चूड़ी एवं कड़ा निर्माण का प्रशिक्षण किया गया था। हेंड इन हेंड संस्था के समन्वय से आयोजित इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को तीन दिवस तक ग्राम में ही प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान तकनीकि प्रशिक्षण के अलावा कच्ची समाग्री क्रय करवाने के लिए इन्दौर का भ्रमण भी कराया। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित समूह की महिलाओं ने प्रथम स्तर पर अपने समूह से 2000 का ऋण एवं स्वयं के 500 रूपये मिलाकर कच्ची सामग्री क्रय की। इन्दौर से सामग्री ला कर श्रीमती सन्नू बलवन्त, श्रीमती राजू दिलीप, श्रीमती सन्नू तोलसिंह, श्रीमती सुनिता राजेश, श्रीमती किरण अशोक, एवं श्रीमती कांता बलवन ने अपने अपने घरों में कार्य प्रारम्भ किया है।

निर्माण में संलग्न श्रीमति किरण अशोक, श्रीमति सन्नू तोलसिंग, श्रीमति कान्ता बलराम ने शुरुआत

में ही 10 से लेकर 15 हजार की चूड़ी तैयार कर लाभ कमाया हैं। अपने उत्पाद की बिक्री के लिये इन महिलाओं ने समूह की एंव गांव की महिलाओं को लक्षित किया। सभी महिलाओं ने नियमित काम से समय निकाल कर इस व्यवसाय को अपनाया हैं। यह महिलाएं घर से ही व्यवसाय संचा. लित कर रही हैं। अब आसपास के गॉव की महिलाएं भी शादी के लिये कड़े और चूड़ी के आर्डर देने आ रही हैं। इस कार्य में अब पति भी मदद करने लगे हैं। श्रीमति किरण अशोक ने व्यवसाय को बढ़ाने के लिये स्थाई दुकान खोलने गुमटी तैयार करवाई हैं। इसमें वह जिसमें किराना सामग्री का भी विक्रय करेगी। खाली समय का सद्उपयोग महिलाओं ने जिस तरह इस कार्य को आगे बढ़ाया है उससे लगता है कि भविष्य में यह व्यवसाय परिवार की आय कर मुख्य आधार साबित होगा।

# संदर्भ–

चौधरी एस.एन.,मिश्रा व शर्मा (2013) आदिवासी ग्रामों में टिकउ विकास का यर्थात्,नई दिल्लीः कन्सेप्ट पब्लिकेशन कम्पनी,पृ. 95–97.

मेहरा,रीतू (2015) स्वयं सहायता समूहों की महिला सशक्तिकरण में भूमिका,भोपाल नवीन सामा. जिक शोध अंक–5,पृ. 46–53.

Namboodiri, N.V.and R.L.shiyani (2001) Working and Impact of Rural self-Helf Groups in Rural Fincial deepening,indian journal of agriculture Econimc,Vol,56 No.3,July-September.

# How solar energy powers economic growth

**Ku. Poonam Gurjar**
**Department of Economics**
**Research scholar devi ahilya bai vishv visdyalaye indor**

**OUR SUN2GRID CLEAN ENERGY APPROACH SUPPORTS NATIONAL ECONOMIES**

A stable energy sector is one of the most essential requirements for successful economic development and growth. Whilst in almost all countries in Europe or North America, the energy infrastructure is well developed, many other regions of the world have to deal with severe challenges in this area. In Africa, two-thirds of the continent's population lack access to electricity.

The reason for this energy crisis consists in particular in the rising electric power consumption per capita and the increasing gap between the growth of population, which was by 2.9% annually over the last 25 years, and the grid extension rate of only 2.7% over the same period.

On the African continent, the lack of power and the dependence on cost-expensive backup solutions represent a heavy burden for all the economic sectors, which contributes to slowing down the rate of growth. Considering the abundant natural resources in Africa and the increasingly dropping prices of components, solar energy installations represent a unique opportunity to face the burgeoning energy demand. However, establishing a renewable energy sector is challenging in sub-Saharan Africa since creditworthy power buyers are missing and the national governments struggle to cover the power purchase obligations of the local utilities.

In order to accelerate the renewable energy expansion and to attend to the growing energy requirements, successful clean energy projects have to be initiated to attract

foreign investors. Through the realisation of several project approaches, we aim to support national economies worldwide to facilitate and spur economic growth, and contribute to meet the huge energy demand.

Today, energy production and benefit accounting for two third of the world's greenhouse-gas emissions GHG , there has been global works towards shifting the available fossil fuel based energy systems to low-carbon technologies, including renewable energy technologies (RET) like solar, wind, hydro and biomass. International Energy Agency (IEA) has measured that towards limiting the temperature rise to two degree centigrade (450 ppm, or, ppm scenario by 2050) , the total installed capacity of renewable energy sources for electricity production needs to be augmented 3770 GW by 2035. This shall require annual investments of over US $550 billion in climate change mitigation and adjustment technology .

India is the fourth largest energy consumer in the world after the United States, China and Russia . As of March 2013, the per capita total electricity waster in India was 917.2 kWh . Electricity waster in India is expected to rise to around 2280 Bkwh by 2021-22 and around 4500BkWh by 2031-32 . India's energy waster has been increasing comparatively fast rate due to increase in population and living standard as well. Current centralized energy planning of India is mainly dependent on thermal power plant for energy need and its percentage share is near about 70% of total installed capacity of power plant.

The reasons for according renewable energy may vary in case of developed and developing economies. Developed nations are promoting clean energy technologies due to their heightened sensitivity towards the environment and being mandated under the various international climate conventions like the United Nations Framework on Climate Change, or, UNFCCC [16]. On the other hand, the reasons for developing economies to advocate renew able energy technologies include enhancement of their energy security (reduction in energy imports), besides bridging the energy de?cit and enabling energy access to the masses through decentralized systems in form of lifeline energy services like cleaner forms of basic lighting devices (solar lanterns) and cooking systems (biogas plants).

**5 ways to use solar power to drive socio-economic growth**

**More on the agenda**

**Our Impact**

**Accelerating climate action**
**Our impact**
**Explore context**
**Innovation**

**Explore the latest strategic trends, research and analysis**
